प्रेरणा
मित्रता आनंद को दोगुना और दुख को आधा कर देती है।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 22 MARCH TO 28 MARCH 2024 • VOLUME 35 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✔ STUDY ✔ WORK ✔ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

## शराब घोटाला मामले में केजरीवाल गिरफ्तार

### लीगल टीम ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नई आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली सरकार पर आरोप लगे थे कि नई एक्साइज़ पॉलिसी की आड़ में भ्रष्टाचार किया गया है जिसे शराब घोटाला भी कहा गया। केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ इस केस में दिल्ली सरकार के पदों पर बैठे दो शीर्ष नेता कानूनी चंगुल में फंस गए हैं। ईडी की टीम दिल्ली पुलिस फोर्स के साथ गुरूवार शाम मुख्यमंत्री के घर पहुंची। इस पूरे घटनाक्रम से कुछ ही देर पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई थी। उनकी तरफ से हाई कोर्ट में ये याचिका दायर की गई थी कि अगर वो ईडी के सामने पेश होंगे तो उन्हें गिरफ्तार ना किया जाए। कोर्ट ने ऐसी कोई गारंटी



नहीं दी अर्थात् उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई। कोर्ट के इस फैसले के थोड़ी देर बाद ईडी की टीम केजरीवाल के घर पहुंची। केजरीवाल के घर के चारों तरफ पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए। उसके बाद उन्हें पूछताछ का समन दिया गया व घर की तलाशी ली गई। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

ईडी के केजरीवाल के घर पहुंचते ही केजरीवाल की लीगल टीम ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए तुरंत सुनवाई की मांग की।

जिक्र योग्य है कि इससे पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को ईडी ने 16 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि जांच में खुलासा हुआ है कि नई आबकारी नीति से लाभ उठाने के लिए के.कविता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर साजिश रची।

साजिश के तहत नई शराब नीति में होलसेलर्स के जरिये लगातार रिश्वत का पैसा आम आदमी पार्टी तक पहुंचाया जाता रहा। इस मामले में मनीष सिसोदिया के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों ही नेता फिलहाल जेल में हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024 : भाजपा ने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट की जारी

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को तमिलनाडु के लिए नौ लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा की। भगवा पार्टी ने अन्नामलाई को कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा है। तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण सीट से चुनाव लड़ेंगी। कन्याकुमारी से पोन राधाकृष्णन और थूथुक्कुडी से नैनार नागेंद्रन से टिकट दिया गया है। राधाकृष्णन मोदी सरकार में पूर्व मंत्री और कन्याकुमारी से पूर्व सांसद भी रह चुके हैं। तमिलनाडु की 39 में से 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही पार्टी ने दक्षिणी राज्य के लिए नौ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। भाजपा ने वेल्लोर से पुथिया नीधि काची (पीएनके) प्रमुख एसी शनमुगम और तमिलनाडु के पेरम्बलूर लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद टीआर पारिवेंधर को भी अपने प्रतीक पर टिकट देने का फैसला किया। टीआर पारीवेंधर भारतीय जनानायगा काची (आईजेके) के नेता हैं। पारीवेंधर ने 2019 के लोकसभा चुनाव में डीएमके के चुनाव



चिन्ह पर चुनाव लड़ा और निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की।

केंद्रीय मंत्री एल मुरुगुन नीलगिरि सीट से चुनाव लड़ेंगे, वरिष्ठ नेता पोन राधाकृष्णन और डॉ एसी शनमुगम को क्रमशः कन्याकुमारी और वेल्लोर से मैदान में उतारा गया है। सौंदरराजन बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की मौजूदगी में फिर से पार्टी में शामिल हो गईं। राज्यपाल का पद छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर सौंदरराजन को वाम दलों और द्रमुक की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अन्नामलाई ने कहा कि ऊंचे पदों पर बैठे लोगों का पद छोड़कर फिर से आम नागरिक के रूप में जनता की सेवा शुरू करना केवल भाजपा में संभव है।

## चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा डेटा किया अपलोड

**नई दिल्ली.** निर्वाचन आयोग ने एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) द्वारा उपलब्ध कराये गये इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक कर दिया है। विवरण में बॉन्ड संख्या भी शामिल है। बता दें एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी थी। उस जानकारी में चुनावी बॉन्ड का क्रमांक भी शामिल था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि एसबीआई को सारी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। यहां तक कि शीर्ष अदालत ने समय भी तय कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि सारी जानकारी गुरुवार शाम 5 बजे तक दाखिल करनी होगी। एसबीआई ने तय समय के अंदर चुनाव बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी आयोग को सौंप दी। जिसके बाद चुनाव आयोग ने इसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

18 मार्च को चुनावी बॉन्ड




मामले में एसबीआई को सुप्रीम कोर्ट की आलोचना झेलनी पड़ी। मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया कि अदालत के आदेश के बावजूद एसबीआई ने सारी जानकारी का खुलासा क्यों नहीं किया? उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हम चुनावी बॉन्ड के बारे में आपकी (एसबीआई) सारी जानकारी चाहते हैं।

गौरतलब है कि 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड व्यवस्था को 'असंवैधानिक' और 'हानिकारक' करार दिया था। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने स्टेट बैंक को चुनावी बॉन्ड की बिक्री तुरंत रोकने का आदेश दिया। इसके अलावा अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक कितने इलेक्टोरल बॉन्ड बेचे गए, किन राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड से पैसा मिला, सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंपने का आदेश दिया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी फटकार :** कोर्ट के आदेश के बाद 12 मार्च को एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड की जानकारी आयोग को सौंपी थी। आयोग ने यह जानकारी पिछले गुरुवार को सार्वजनिक की। वेबसाइट पर बॉन्ड खरीदने वालों और प्राप्तकर्ताओं की एक लंबी सूची भी प्रकाशित की गई थी, लेकिन बॉन्ड संख्या वहां नहीं थी। इससे सुप्रीम कोर्ट नाराज हो गया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि एसबीआई ने अधूरी जानकारी सौंपी है। कोर्ट ने बैंक अधिकारियों को चुनावी बॉन्ड के बारे में पूरी जानकारी पेश करने का निर्देश दिया। इसी तरह आयोग ने बाकी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी गुरुवार दोपहर आयोग को सौंप दी।

## पेंशन केस पास करवाने के बदले रिश्वत लेता सहायक खज़ाना अफ़सर विजीलैंस द्वारा गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत गुरूवार को मुनीश कुमार, सहायक खज़ाना अफ़सर (ए.टी.ओ), अमृतसर को एक पेंशन केस पास करने के एवज़ में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। राज्य विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलजिम को नरेश डोगरा निवासी बज़ार नरसिंह, अमृतसर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से सम्पर्क करके दोष लगाया है कि उक्त मुलजिम ए.टी.ओ. उसका पेंशन केस पास करने के लिए 20,000




रुपए रिश्वत की माँग कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम द्वारा जाल बिछाकर दोषी को 10,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में विजीलैंस ब्यूरो के थाना अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। मुलज़िम को कल अदालत में पेश किया जायेगा और इस सम्बन्धी आगे की कार्यवाही जारी है।

## भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा गया सहायक खजांची वित्त विभाग द्वारा निलंबित

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के वित्त विभाग ने जिला खजाना दफ्तर, अमृतसर के सहायक खज़ांची मुनीश कुमार को तुरंत निलंबित करने के आदेश दिए हैं जिसको 21 मार्च, 2024 को गिरफ्तार किया था। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुनीश कुमार को विजीलैंस विभाग द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वत लेने के दोषों के अंतर्गत हिरासत में लिया गया है। निलंबन के दौरान मुनीश की मुख्य दफ्तर ज़िला खज़ाना दफ्तर जालंधर में तैनाती निर्धारित की गई है। उसे पंजाब सिविल सेवाओं के नियमों के अनुसार गुज़ारा भत्ता मिलेगा। प्रवक्ता ने कहा कि इन नैतिक-मूल्यों के साथ समझौता करने वाली किसी भी कार्यवाही के विरुद्ध सख़्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## सट्टेबाजी और जुए से जुड़े विदेशी ऑनलाइन प्लेटफार्म्स के लिए गाइडलाइंस जारी

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया मध्यस्थों को उपयोगकर्ताओं के बीच संवेदीकरण संबंधी प्रयास करने का दिया परामर्श

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आज सोशल मीडिया पर सभी समर्थनकर्ताओं और इन्फ्लुएंसर्स को परामर्श दिया है कि वे सट्टेबाजी और जुए से जुड़े विदेशी ऑनलाइन प्लेटफार्म के प्रचार या विज्ञापन से बचें, जिसमें किराए के विज्ञापन भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इन विज्ञापनों का उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए का महत्वपूर्ण वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है। मंत्रालय ने ऑनलाइन विज्ञापन मध्यस्थों को परामर्श दिया है कि वे भारतीय लोगों के लिए ऐसी प्रचार सामग्री को लक्षित न करें। सोशल मीडिया मध्यस्थों को भी परामर्श दिया गया है कि वे अपने उपयोगकर्ताओं के




बीच ऐसी सामग्री प्रकाशित करने से बचने के लिए जागरूक प्रयास करें। परामर्श में चेतावनी दी गई है कि इसका अनुपालन करने में विफल रहने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही हो सकती है, जिसमें सोशल मीडिया पोस्ट या खातों को हटाना या निष्क्रिय करना और लागू कानूनों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई शामिल है।

परामर्श रेखांकित करता है कि जहां सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79 तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा, या उनके द्वारा उपलब्ध या होस्ट किए गए संचार लिंक के लिए मध्यस्थों के दायित्व से छूट प्रदान करती है, वहीं धारा 79 की उपधारा (3)(बी) यह व्यवस्था प्रदान करती है कि दायित्व से छूट तब लागू नहीं होगी यदि वास्तविक जानकारी प्राप्त होने पर, या उपयुक्त सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा सूचित किए जाने पर मध्यस्थ द्वारा नियंत्रित कंप्यूटर संसाधन में उपस्थित या उससे जुड़ी किसी भी जानकारी, डेटा या संचार लिंक का उपयोग गैरकानूनी कार्य जैसे अपराध करने के लिए किया जा रहा है और मध्यस्थ किसी भी तरह से साक्ष्य को खराब किए बिना उस संसाधन पर उस सामग्री तक पहुंच को शीघ्रता से हटाने या निष्क्रिय करने में विफल रहता है।

मंत्रालय ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की दिनांक 06 मार्च 2024 के परामर्श को दोहराया है, जिसमें मशहूर हस्तियों और इन्फ्लुएंसर्स द्वारा सट्टेबाजी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने और समर्थन देने के लिए सट्टेबाजी/जुए से जुड़े प्लेटफार्मों के समर्थन के बारे में चिंता व्यक्त की गई थी और चेतावनी दी थी कि ऐसे किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापन या समर्थन कड़ी जांच के अधीन होंगे।

## चुनाव आयोग द्वारा जालंधर के नये डिप्टी कमिशनर की तैनाती



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने बताया है कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुरदासपुर के डिप्टी कमिशनर हिमांशु अग्रवाल को जालंधर का डिप्टी कमिशनर नियुक्त किया है। जबकि गुरदासपुर का डिप्टी कमिशनर विशेष सारंगल को लगाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जगदले नीलांबरी विजय को रोपड़ रेंज की डीआईजी और राकेश कुमार कौशल को डीआईजी बार्डर रेंज तैनात किया गया है।

### उत्तरी कमान के शौर्यवान और वीर सैनिकों के सम्मान में प्रयागराज में आयोजित किया गया अलंकरण समारोह

## पंजाब, हरियाणा व हिमाचल के 13 वीर सैनिकों का सम्मान

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

भारतीय सेना की उत्तरी कमान ने रेड ईगल डिवीजन के तत्वावधान में आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सैन्य स्टेशन में आयोजित एक भव्य अलंकरण समारोह में अपने वीर और प्रतिष्ठित सैनिकों और इकाइयों को सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं को उनकी असाधारण बहादुरी, कर्तव्य के प्रति सराहनीय समर्पण और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

उत्तरी कमान भारतीय सेना की सबसे सक्रिय और चुनौतीपूर्ण कमान है और अपनी सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों और आतंकवाद के संकट का मुकाबला करने के लिए राष्ट्र के प्रयासों में सबसे आगे है। इस प्रकार, चाहे आधिकारिक तौर पर शांति हो या ऑपरेशन, कमांड के सैनिक हमेशा सक्रिय ड्यूटी पर रहे हैं, जो सही मायने में गठन के आदर्श वाक्य "ऑलवेज इन कॉम्बैट" का प्रतिनिधित्व करते हैं। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग



इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और विशिष्ट सेवा से परे उनकी विलक्षण बहादुरी के कार्यों के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने इकाइयों को उनकी असाधारण व्यावसायिकता और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए जीओसी-इन-सी यूनिट प्रशंसा भी प्रदान की। समारोह के दौरान, 45 सेना पदक (वीरता), तीन सेना पदक (प्रतिष्ठित), एक युद्ध सेवा पदक और नौ विशिष्ट सेवा पदक सहित 58 पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा, 64 इकाइयों को यूनिट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इनमें से अधिकारी रैंक में पंजाब (02), हिमाचल प्रदेश (02) और हरियाणा (03) को भी युद्ध सेवा पदक, विशिष्ट सेवा पदक और सेना पदक से सम्मानित किया गया।

अन्य रैंकों में, पंजाब और हरियाणा से 03-03 को सेना पदक प्रदान किए गए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी रैंकों को सभी क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं और मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ने सेवा कर्मियों को उनके कर्तव्यों के पालन में भरपूर समर्थन देने के लिए पुरस्कार विजेताओं के परिवार के सभी सदस्यों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## सीमा सड़क संगठन ने लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने का कार्य शुरू किया

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के प्रोजेक्ट हिमांक ने मनाली की ओर से लद्दाख क्षेत्र तक पहुंच बहाल करने के लिए बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। हर सर्दियों में लेह को मनाली से जोड़ने वाले रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग -03 पर अत्यंत सर्दी के मौसम में भारी बर्फबारी और हिमस्खलन होता है, जिससे नवंबर से लेकर सीमा सड़क संगठन द्वारा बर्फ हटाने के कार्य तक सड़क अवरुद्ध हो जाती है। यह लद्दाख के निवासियों और सुरक्षा बलों



के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है, जो आवश्यक आपूर्ति, चिकित्सा आपात स्थिति और देश के बाकी हिस्सों से कनेक्टिविटी के लिए राजमार्ग पर निर्भर हैं। बीआरओ की स्नो क्लीयरेंस टीम के प्रयास न केवल लद्दाख के निवासियों के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करेंगे, बल्कि क्षेत्र में सैन्य बलों की परिचालन क्षमता को भी बढ़ाएंगे, जो राष्ट्र निर्माण के प्रति बीआरओ की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा।

## जहरीली शराब से आठ लोगों की मौत, बाजपा ने कहा- मुख्यमंत्री आबकारी मंत्री को पद छोड़ने के लिए कहें

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

दिढ़बा में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है, विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत को त्रासदी के लिए जिम्मेदारी तय करने और आबकारी मंत्री के इस्तीफे की मांग करने में विफल रहने के लिए फटकार लगाई। भगवंत मान और आबकारी मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने घटना के बाद से एक भी शब्द नहीं बोला है। पूरी पार्टी ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। वह मृतकों के परिवारों और अस्पताल में भर्ती लोगों से मिलने भी नहीं गए हैं। यह कीमती जीवन के नुकसान के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाजवा ने कहा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान ने एक बार ऐसे मामलों में धारा 302 के तहत एफआईआर का समर्थन



किया था। इस बीच, उन्हें जवाब देना चाहिए कि आबकारी मंत्री के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला क्यों नहीं दर्ज किया जा सकता है। उन्होंने कहा, "दिढ़बा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हरपाल सिंह चीमा कर रहे हैं और यह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह जिले संगरूर के अंतर्गत आता है। उन्होंने उस विशेष क्षेत्र में अवैध शराब का व्यापार कैसे होने दिया? विपक्ष के नेता ने कहा कि अब यह जिम्मेदारी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर है कि वह आबकारी मंत्री की जिम्मेदारी तय करें और कम से कम आबकारी मंत्री को पद छोड़ने के लिए कहें।


# घूमने-फिरने के हैं शौकीन, तो 30 की उम्र से पहले इन चीजों को लें आनंद

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

घूमने के शौकीनों को दुनिया भर में ट्रैवलिंग करना पसंद होता है। घुमक्कड़ों को पसंद होता है कि वह नई जगहों के साथ वहां के कल्चर, खाने और एक्टिविटीज का मजा लें। दुनिया में कई ऐसी जगह हैं जो अपनी सुंदरता से टूरिस्टों को काफी आकर्षित करते हैं। यहां हम कुछ ऐसी एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं जो आपको 30 साल की उम्र से पहले जरूर कर लेनी चाहिए।

**30 की उम्र से पहले जरूर लें इन एक्टिविटीज का मजा**

- **ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग :** ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग के लिए जा सकते हैं। दोस्तों के साथ इस एडवेंचर को करने का अलग मजा है।
- हरिद्वार में गंगा स्नान: गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए जा सकते हैं।
- **वाराणसी में गंगा आरती :** वाराणसी में कई घाट हैं। ऐसे में यहां पर गंगा आरती का खूबसूरत नजारा देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।
- **मथूरा में होली :** मथुरा की होली दुनियाभर में फेमस है। आप दोस्तों या परिवार वालों के साथ होली पर यहां जरूर जाएं।
- **जैसलमेर में डेजर्ट सफारी :** भारत में रहकर अगर डेजर्ट सफारी का मजा लेना चाहते हैं तो जैसलमेर बेस्ट है।
- **केरल बैकवाटर में कयाकिंग :** केरल के बैकवाटर में कयाकिंग करें। खासकर अल्लेप्पी और कुमारकोम जैसी जगहों पर कयाकिंग का एक अलग ही मज़ा है।
- **मेघालय में केविंग :** केविंग अब एडवेंचर्स स्पोर्ट्स के रूप में पॉपुलर हो रहा है। झरनों और घने जंगलों के बीच गुफाओं में घूमने के लिए मेघालय बढ़िया जगह है।
- **हिमाचल प्रदेश में हेली-स्कीइंग :** प्राकृतिक बर्फ में हेली-स्कीइंग का अपना एक अलग ही मजा है। हिमाचल प्रदेश में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो यह यकीनन एक बेहद ही अच्छी एक्टिविटी है।
- **कुर्ग में कॉफी :** प्रकृति के बीच मौजूद इस हिल स्टेशन में कॉफी के बागानों के बीच आप कॉफी का मजा जरूर लें।
- **कश्मीर में हाउस बोटिंग :** कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। ऐसे में आप यहां हाउस बोटिंग को एक्सप्लोर करें।
- **पुरी में रथ यात्रा :** पुरी में रथयात्रा को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। आप भी इस जगह को एक्सप्लोर करने जरूर जाए।
- **द्वारका में स्कूबा डाइविंग :** साफ पानी के अंदर जाकर समुद्री जीवों को देखना चाहते हैं तो इस जगह पर जरूर जाएं।




## FASHION

# रंग-बिरंगे कपड़े कैसे खुश कर सकते हैं आपका मन, जानें साइंस

**हमारे आसपास के रंग हमारे मन पर गहरा प्रभाव डालते हैं और उसी के हिसाब से हमारी भावनाएं बनती हैं। इसी विज्ञान पर आधारित है, डोपामाइन ड्रेसिंग, इस बारे में बता रही हैं एक्सपर्ट...**





**जालंधर ब्रीज (फीचर) .** कभी सोचा है कि आप बाजार में किसी खास चीज की ओर ही क्यों आकर्षित होती हैं? यहां बात उत्पाद की गुणवत्ता की नहीं बल्कि पूरा खेल उसकी मार्केटिंग का है, जिसमें उसके रंग भी शामिल है। जी हां रंग, क्योंकि रंगों का मन और भावनाओं से गहरा नाता होता है, जो हमारे निर्णय को खासा प्रभावित करते हैं। अब स्ट्रीट फूड के ठेले को ही ले लीजिए, सब पर लाल रंग का इस्तेमाल होता है क्योंकि लाल रंग भूख को बढ़ाता है। मैक्डोनाल्ड का पीला रंग आपको बर्गर खरीदने के लिए मजबूर कर ही देता है।

ऐसे ही तमाम रंग हैं, जो आपके निर्णय को प्रभावित करते हैं। यह बात कलर साइकोलॉजी में पुष्ट की गई है, जो कहती है कि रंगों से इंसान की शारीरिक और भावनात्मक प्रतिक्रिओं पर असर पड़ता है, जो उसके बर्ताव और स्वभाव को तय करते हैं। आप हर समय खुश महसूस करती रहें और ऊर्जावान बनी रहें, इसके लिए इन दिनों डोपामाइन ड्रेसिंग का चलन देखने को मिल रहा है। इसमें आपको ऐसे रंग और प्रिंट के कपड़ों को अपनी वॉर्डरोब में शामिल करना होता है जो आपके अदंर डोपामाइन हार्मोन का स्राव बढ़ा सकें और आप खुशमिजाज बनी रहें।

**क्या है डोपामाइन?** - डॉक्टर नेहा यादव बताती हैं कि डोपामाइन दरअसल हमारे दिमाग में मौजूद हॉर्मोन होता है, जो हमें खुशी का अनुभव कराता है। इसलिए इसे हैप्पी हॉर्मोन भी कहते हैं। यह एक मैसेंजर की तरह काम करता है जो दिमाग को बताता है कि वह खुश है, उसे अच्छा लग रहा है, उसका मूड अच्छा है। इसके साथ ही डोपामाइन मन को प्रोत्साहित भी करता है और निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। यह हॉर्मोन बहुत छोटी-छोटी बातों से प्रभावित होता है जैसे भोजन, म्यूजिक, नींद, व्यायाम और रंग। इसी के चलते डोपामाइन ड्रेसिंग का दौर शुरू हो चुका है जो आपकी भागती-दौड़ती ज़िंदगी में तनाव को कम करते हुए आपको अच्छा महसूस करवाए, जिससे आपका प्रदर्शन और भी बेहतर हो सके।

**यूं चुनें डोपामाइन कपड़े** - डोपामाइन कपड़े चुनने के लिए आपको बहुत ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपको बस अपने कपड़ों में रंगों और प्रिंट का खयाल रखना है ताकि आप अच्छी स्टाइलिंग की मदद से दिन भर ऊर्जावान और खुशमिजाज रह सकें :

- **चटख रंगों को करें शामिल :** हो सकता है कि आपको हल्के और नैचुरल रंग पसंद हों, लेकिन अपनी पसंद का खयाल रखते हुए आप उनका तालमेल भड़कीले रंगों वाले कपड़ों के साथ बिठा सकती हैं, जिससे आपका डोपामाइन बढ़ने लगेगा। इन रंगों में लाल, पीला, हरा या नियॉन में कई तरह के रंग शामिल हो सकते हैं।
- **प्रिंट व पैटर्न का रखें ध्यान :** आप कपड़ों में चटख रंग वाले प्रिंट भी शामिल कर सकती हैं। इनमें फ्लोरल प्रिंट, स्ट्राइप या ज्योमेट्रिक पैटर्न वाले प्रिंट के कपड़े पहन सकती हैं।
- **फैब्रिक पर भी दें ध्यान :** कपड़ों के रंग और प्रिंट के अलावा आपको उसके फैब्रिक पर भी खास ध्यान देना चाहिए। कुछ फैब्रिक आपको एलिगेंट महसूस कराते हैं जैसे लिनेन, सिल्क तो वहीं कुछ आपके मन को काफी खुश करते हैं जैसे साटिन, मुलायम फर वाले कपड़े वगैरह। गर्मियों में हल्के और मुलायम फैब्रिक आपके मन को खुश बनाए रख सकते हैं, जैसे जॉर्जट, शिफॉन, साटिन वगैरह।
- **जानें अपनी खुशी के बारे में :** आपको उन रंगों, प्रिंट या ज्वेलरी पर गौर करना होगा जो आपको अच्छा महसूस कराती हैं। साथ ही जब आप स्टाइलिंग कर रही हों तो इस बात का ख्याल रखना होगा कि कुछ भी आपको असहज महसूस न कराए। इसके लिए आप कलर व्हील का सहारा ले सकती हैं, जो आपको स्टाइलिंग में मदद करेगी। साथ ही आप अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से भी तैयार हो सकती हैं, जिसमें रंगों के जरिए आप अपनी भावनाओं और अपने व्यक्तित्व का प्रदर्शन कर सकती हैं।

**एक्सेसरीज पर भी दें ध्यान**

एक्सेसरीज आपके लुक को पूरा करती हैं। डोपामाइन ड्रेसिंग में आपको ऐसी एक्सेसरीज शामिल करनी चाहिए जो न आपके कपड़ों से बेहतरीन तालमेल बिठा सके बल्कि आपको अच्छा भी महसूस कराए। जैसे आप चटक रंग का स्कॉर्फ पहन सकती हैं या फिर कलरफुल बीड्स वाले नेकलेस या ब्रेसलेट।

# इंस्टेंट मसाला मिल्क पाउडर बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स, मिनटों में बनकर होगा तैयार

**अगर आप भी चाहते हैं कि आपके बच्चे को दूध से मिलने वाले सारे फायदे मिले तो उन्हें सिपंल दूध देने की जगह मसाला मिल्क देना शुरू करें। मसाला मिल्क का स्वाद इतना अच्छा होता है कि एक...**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

परिवार में अक्सर माओं को बच्चों से यह शिकायत रहती है कि वो दूध पीने के लिए बहुत नखरे दिखाते हैं। जबकि बच्चों की सेहत के लिए दूध का सेवन बेहद जरूरी होता है। दूध में कैल्शियम, विटामिन डी और प्रोटीन जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो हड्डियों के स्वास्थ्य से लेकर इम्यूनिटी बूस्ट करने तक में मदद करते हैं। इसके अलावा दूध में फॉस्फोरस की मौजूदगी एनर्जी मेटाबॉलिज्म को भी अच्छा बनाए रखने में मदद करती है।

अगर आप भी चाहते हैं कि आपके बच्चे को दूध से मिलने वाले सारे फायदे मिले तो उन्हें सिपंल दूध देने की जगह मसाला मिल्क देना शुरू करें। मसाला मिल्क का स्वाद इतना अच्छा होता है कि एक बार पीने के बाद आपका बच्चा खुद इसे दोबारा मांगकर पीना चाहेगा। तो आइए बिना देर किए जानते हैं कैसे बनाया जाता है मसाला मिल्क और मसाला मिल्क पाउडर।

**मसाला मिल्क पाउडर बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स**

- मसाला मिल्क पाउडर बनाने के लिए सबसे पहले आधा कप बादाम, आधा कप काजू और एक चौथाई कप पिस्ता डालकर लो फ्लेम पर रोस्ट कर लें।
- नट्स को ग्राइंड करने से पहले अच्छी तरह ठंडा कर लें।
- अब एक चोपर में इन नट्स को डाल लें। इन नट्स के साथ 25 इलायची के बीज, आधा छोटा चम्मच काली मिर्च, एक चम्मच अदरक का पाउडर और एक चौथाई जयफल को कद्दूकस करके, आधा ग्राम केसर के धागे और एक छोटा चम्मच हल्दी डालकर दरदरा पीस लें।
- अब इस तैयार मसाला मिल्क पाउडर को आप किसी कांच के एयर टाइट बर्तन में डालकर एक से दो महीने के लिए फ्रिज में स्टोर करके रख सकते हैं।

**मसाला मिल्क बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स**

- मसाला मिल्क बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में एक लीटर फुल क्रीम दूध डालकर उबाल लें। दूध को अच्छी तरह पकाकर आधा कर लें।
- इसके बाद दूध में चार चम्मच मसाला मिल्क पाउडर डाल दें।
- 5 मिनट दूध को और उबालने के बाद आप इसमें अपनी पसंद का मीठा डाल सकते हैं। इसके लिए आप इस दूध में चीनी, खजूर और गुड का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इस मसाला मिल्क की खासियत यह है कि आप इससे ठंडा और गर्म मसाला दूध, दोनों ही बना सकते हैं।

# थकान और चिड़चिड़ापन हो सकता है पेरेंटल बर्नआउट का लक्षण और निपटने का तरीका



**PARENTING**

थकान तो हम सब महसूस करते हैं। पर, क्या आपने कभी बच्चों की परवरिश के कारण होने वाले थकान को अनुभव किया है? लगभग एक तिहाई अभिभावक इस वजह से थकान अनुभव करते हैं। क्या है पेरेंटल बर्नआउट और कैसे निपटें-

**जालंधर ब्रीज (फीचर) .** बच्चों का पालन-पोषण हरेक माता-पिता के लिए अलग अनुभव लेकर आता है। सभी अभिवाभक चाहते हैं कि वह पूरे लाड़-प्यार से अपने बच्चों की परवरिश करें और उनके बड़े होने के सफर को भरपूर जिएं। लेकिन बच्चों की परवरिश का सफर पूरी तरह खुशगवार नहीं होता क्योंकि इस सफर में कई बार थकान और झल्लाहट भरे क्षण भी आते हैं।

**लक्षणों को समझें :** बच्चे वयस्कों की तरह तर्क और संयम का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, इसलिए उन्हें बड़ा करना कभी-कभी बेहद थका देने वाला और जटिल काम लगने लगता है।

• लगातार निराशा और थकान का अनुभव होना। • यदि अकेले ही बच्चे की सारी जिम्मेदारी उठानी पड़े तो अकेलेपन का एहसास होना। • अपनी क्षमताओं और काबिलियत पर स्वयं ही सवाल उठाना। • थकान की वजह से बच्चे से भावनात्मक दूरी बना लेना। • पति-पत्नी के आपसी रिश्तों में तनाव बढ़ जाना। • बड़े होते बच्चों के साथ बात-बात पर झल्लाहट के साथ पेश आना। • रिश्ते में दूरियां बढ़ना।

**क्यों होता है बर्नआउट**

• यदि पिता और माता दोनों ही नौकरीपेशा हों तो बर्नआउट की आशंका बढ़ जाती है। • बच्चे की परवरिश में परिवार का साथ और समर्थन ना मिलना समस्या को बढ़ा सकता है। • यदि आर्थिक स्थिति मजबूत ना हो तो भी समस्या बढ़ सकती है। • सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर अच्छे अभिभावक होने का दबाव परेशानी का सबब बन सकता है। • बच्चे में किसी प्रकार की शारीरिक या मानसिक समस्या बर्नआउट की आशंका बढ़ा सकती है।

**संभव है समाधान**

- **मदद मांगने में ना हिचकें :** अकसर बच्चे के लालन-पालन की जिम्मेदारी मां की जिम्मेदारी ही मान ली जाती है और वह भी स्वयं को एक अच्छी मां साबित करने के लिए अपनी क्षमता से बाहर प्रयास करती रहती है। लेकिन इससे मां के भीतर चिड़चिड़ाहट और थकान भरने लगती है। इसलिए बेहतर यही है कि बच्चे की देखभाल में परिवार और रिश्तेदारों से मदद ली जाए ताकि आपकी ऊर्जा पूरी तरह खत्म ना हो।
- **साथी से करें बात:** यदि दोनों ही दफ्तर जाकर काम करते हैं तो अपने बच्चे की परवरिश के विषय में साथ बैठकर बात जरूर करें।


# खांस-खांस कर हो गया है बुरा हाल, तुरंत आराम के लिए अपनाएं ये अचूक नुस्खे

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

खांसी हेल्थ से जुड़ी एक कॉमन समस्या है। बहुत ज्यादा खांसी होने पर गले और पसलियों के साथ पेट और सिरदर्द होने लगता है। वायरल संक्रमण, जुकाम, फ्लू, जैसी समस्याओं से खांसी होती है। इसके अलावा खांसी अस्थमा, टीबी और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियों का लक्षण भी होती है। बदलते मौसम में अगर आपको ये समस्या हो गई है। तो इससे निपटने के लिए आप यहां बताए गए घरेलू तरीकों को अपनाएं।

## HEALTH

**खांसी से निपटने के लिए लोग सीरप या टेबलेट खाते हैं। हालांकि, इस समस्या से आराम पाने लिए घरेलू नुस्खे काम आ सकते हैं। खांसी से निपटने के लिए यहां कुछ अचूक तरीके बता रहे हैं-**



- खांसी से राहत पाने के लिए अदरक और नमक दोनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर दोनों को एकसाथ खाया जाए तो यह फायदेमंद साबित हो सकता है। इसे खाने के लिए अदरक के टुकड़ों पर नमक लगा कर खा सकते हैं।
- बलगम वाली खांसी की वजह से बेचैनी और दर्द हो सकता है। इससे बचने और तुरंत राहत पाने के लिए आप काली मिर्च को देसी घी के साथ मिलकार ले सकते हैं।
- खांसी से राहत पाने के लिए लहसन भी फायदेमंद है। इसके लिए आप लहसुन को घी में भून कर गर्म करें और फिर गर्म खाएं।
- पान के पत्ते का पानी भी खांसी से निपटने में फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके लिए करना ये है कि एक कप पानी में पान के पत्ते को डाल कर उबाल लें। फिर जब पानी आधा रह जाए को पत्ते को हटाकर पानी को कप में लें और सिप-सिप करके पीएं।
- मुलेठी खाकर भी खांसी से निपटा जा सकता है। आप चाहें तो मुलेठी के एक टुकड़े को मुंह में रखकर चूसते रहें। या फिर मुलेठी वाले पान को खाकर भी आराम मिल सकता है।

*__डिस्क्लेमर :__ इस आर्टिकल में बताई विधि, तरीकों व दावों को केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह के किसी भी उपचार/दवा/डाइट और सुझाव पर अमल करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट से सलाह लें।*

# दिग्गजों और वीर नारियों को वार डेकोरेटेड इंडिया के त्रिवार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया

• जालंधर ब्रीज . चंडीगढ़




वार डेकोरेटेड इंडिया के परमवीर चक्र,महावीर चक्र और वीर चक्र (विक्टोरिया क्रॉस/मिलिट्री क्रॉस, द्वितीय विश्व युद्ध) सर्वोच्च युद्ध अलंकृत वीरता पुरस्कार विजेताओं का त्रिवार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन व पुनर्मिलन समारोह आज चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में आयोजित किया गया।

इस समारोह में 17 वीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के अलावा, दो विक्टोरिया क्रॉस (द्वितीय विश्व युद्ध) विजेता के परिजनों और पांच महावीर चक्र प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में युद्ध नायकों,वीर नारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। सूबेदार राम सरूप सिंह दूसरी बटालियन/प्रथम पंजाब रजिस्ट्रेंट द्वितीय विश्व युद्ध विक्टोरिया क्रॉस के पोते रिपुदमन सिंह और नायब सूबेदार नंद सिंह, 1 सिख महावीर चक्र (पी) 1948 जम्मू-कश्मीर ऑपरेशन, द्वितीय विश्व युद्ध विक्टोरिया क्रॉस, की पुत्री श्रीमती अमरजीत कौर इस क्षेत्र के पुरस्कार विजेताओं में शामिल थे।

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार, जीओसी इन सी, पश्चिमी कमान ने त्रिवार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। आर्मी कमांडर ने वेटर्न पुरस्कार विजेताओं और वीर नारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया और युद्ध से सुशोभित भारत विजेताओं को हर संभव मदद और सहयोग प्रदान करने के लिए भरोसा दिलाया।

## त्रिवार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन वीर नारियों और दिग्गजों के मुद्दों को हल करने के लिए विशेष आंतरिक सत्र आयोजित

• जालंधर ब्रीज . चंडीगढ़



चंडीमंदिर मिलिट्री स्टेशन में वॉर डेकोरेटेड इंडिया के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जीएस सिहोता और सम्मेलन की प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आज त्रिवार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन एक विशेष आंतरिक सत्र आयोजित किया गया।

सत्र के दौरान, वीर नारियों और युद्ध से सम्मानित दिग्गजों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और उनका समाधान किया गया। संबंधित राज्य सरकारों द्वारा पेंशन, चिकित्सा और वार्षिकी भुगतान व्यक्तिगत रूप से सामने लाए गए कुछ मुद्दे थे। इन मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सैनिक बोर्ड के निदेशकों और संबंधित क्षेत्रों के वरिष्ठ कमांडरों से संपर्क करने पर भी सहमति जताई गई।

इस अवसर पर, ब्रिगेडियर बीएस गिल, वीर चक्र, जाट रेजीमेंट को सर्वसम्मति से वॉर डेकोरेटेड इंडिया के अगले अध्यक्ष के रूप में चुना गया। उन्होंने 1971 के भारत पाक युद्ध, श्रीलंका में आईपीकेएफ ऑपरेशन, कारगिल ऑपरेशन और उत्तर पूर्व में काउंटर इंसर्जेंसी ऑपरेशन में व्यापक सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उनके दोनों बेटे भी भारतीय सेना में वरिष्ठ अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

# इतनी उम्र में कैसे IVF से बनीं मां? सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई पर केंद्र ने पंजाब सरकार से पूछा

*राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह इस मामले को देखे और असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्रोलॉजीज (रेगुलेशन) एक्ट, 2021 के अनुसार इस मामले में की गई कार्रवाई पर विभाग को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे।*

• जालंधर ब्रीज . नई दिल्ली



लोकप्रिय दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने रविवार को एक नन्हे मेहमान को जन्म दिया। अब इस बच्चे का जन्म विवादों में घिर गया है। केंद्र सरकार ने इन विट्रो फर्टिलाइजेशन यानी आईवीएफ विधि के माध्यम से गर्भ धारण करने की आयु सीमा का मुद्दा उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेशक एस के रंजन ने 14 मार्च को पंजाब सरकार के प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह इस मामले को देखे और असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजीज (रेगुलेशन) एक्ट, 2021 के अनुसार इस मामले में की गई कार्रवाई पर विभाग को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने अपने पत्र में कहा कि उनके विभाग को एक समाचार रिपोर्ट मिली है जिसमें कहा गया है कि मूसेवाला की मां चरण कौर ने 58 साल की उम्र में गर्भ धारण किया। उन्होंने इसके लिए आईवीएफ ट्रीटमेंट का सहारा लिया। इसमें कहा गया है कि असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजीज (रेगुलेशन) एक्ट, 2021 के तहत महिला के लिए निर्धारित आयु सीमा 21-50 वर्ष के बीच है। आसान शब्दों में कहें तो असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी जैसे की IVF के जरिए बच्चा पैदा करने की एक निश्चित उम्र निर्धारित की गई। ये उम्र 21-50 वर्ष है।

द इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता ने भी बच्चे के लिए आईवीएफ तकनीक को चुना था और इस प्रक्रिया के लिए वे विदेश गए थे। दूसरी बार पैरेंट बनने के कुछ दिनों बाद, बलकौर सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पंजाब सरकार उनके बच्चे की वैधता के बारे में सवाल करके उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा था कि जिला प्रशासन उनसे दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कह रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से अपील की कि उन्हें अपने नवजात शिशु के दस्तावेज देने के लिए समय दिया जाए।

मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर बेटे के जन्म की घोषणा की और कहा कि उनकी पत्नी चरण कौर ने मूसेवाला के छोटे भाई को जन्म दिया है। बलकौर सिंह ने पंजाबी भाषा में अपने पोस्ट में कहा, ''शुभदीप को चाहने वाले लाखों-करोड़ों लोगों के आशीर्वाद से ईश्वर ने हमें शुभ का छोटा भाई दिया है। जच्चा-बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं और मैं सभी शुभचिंतकों के असीम प्रेम के लिए उनका आभारी हूं।''

बलकौर ने अपनी पोस्ट में नवजात को गोद में लिए हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की। सूत्रों के मुताबिक बलकौर सिंह (60) और उनकी पत्नी चरण कौर (58) ने बच्चे के जन्म के लिए आईवीएफ तकनीक की मदद ली थी। मूसेवाला की 29 मई, 2022 को पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गायक-रैपर मूसेवाला ने 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में मानसा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था।

# अगर बीजेपी ने नहीं दिया टिकट तो... वरुण गांधी ने तैयार कर लिया प्लान बी, मंगवा लिए नॉमिनेशन पेपर्स

• जालंधर ब्रीज . नई दिल्ली



*सूत्रों के अनुसार, यदि बीजेपी वरुण गांधी को टिकट नहीं देती है तो वे निर्दलीय मैदान में उतर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने अपने प्रतिनिधि से हाल ही में चार सेट नॉमिनेशन पेपर्स भी मंगवा लिए हैं।*

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी बची हुई उत्तर प्रदेश की सीटों पर जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर सकती है। पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी का टिकट कटना लगभग तय माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले दिनों हुई कोर कमेटी की बैठक में मौजूद ज्यादातर नेताओं ने वरुण के टिकट को काटे जाने की मांग की। इसके पीछे वजह वरुण द्वारा लगातार पार्टी के खिलाफ में बोला जाना बताया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यदि बीजेपी वरुण गांधी का टिकट काटती है तो भी वे चुनावी मैदान में उतरेंगे। इसके लिए उन्होंने प्लान बी तैयार कर लिया है।

सूत्रों के हवाले से बताया कि पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी को बीजेपी टिकट नहीं देती है तो वे निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने पूरी तैयारी भी कर ली है। साल 2019 में वरुण ने पीलीभीत से लोकसभा चुनाव लड़ा था और तीसरी बार सांसद बने थे। सूत्रों के अनुसार, वरुण गांधी के प्रतिनिधि ने दिल्ली से पीलीभीत जाकर चार सेट नॉमिनेशन पेपर लिए और फिर वापस दिल्ली लौट गए। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि यदि बीजेपी की ओर से टिकट नहीं मिलता है तो इस बार वरुण निर्दलीय मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी इस बार वरुण गांधी का टिकट काटकर पीलीभीत से योगी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को दे सकती है। इसके अलावा, संजय गंगवार का भी नाम चर्चा में चल रहा है। वरुण गांधी की गिनती एक समय बीजेपी के फायरब्रांड नेताओं में की जाती थी, लेकिन पिछले कई सालों से वरुण अपनी ही राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ बोलते आए हैं। किसान आंदोलन, बेरोजगारी जैसे तमाम मुद्दों पर वरुण खुलकर अपनी राय रखते रहे हैं। इसके अलावा, पिछले साल जब यूपी सरकार ने अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था, तब भी वरुण ने सोशल मीडिया पर इसके खिलाफ लिखा था।

वहीं, एक अटकलें यह भी लगाई जा रही थीं कि वरुण गांधी का टिकट कटता है तो समाजवादी पार्टी से मैदान में उतर सकते हैं। पिछले दिनों एक फेक लिस्ट भी वायरल हुई थी, जिसमें उन्हें सपा का उम्मीदवार बताया गया था। हालांकि, बाद में वह लिस्ट फर्जी निकली। अब अखिलेश यादव ने वरुण गांधी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस पर हमारा संगठन विचार करके फैसला लेगा। इसके अलावा दूसरी अटकलें यह भी हैं कि यदि वरुण गांधी निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का फैसला लेते हैं तो इस पर सपा और कांग्रेस गठबंधन अपना उम्मीदवार नहीं उतार सकती है।

# कहीं हो न जाए पापों का खुलासा : भारत के चुनाव से क्यों डर रहा चीन, उगला जहर

• जालंधर ब्रीज . वर्ल्ड न्यूज



भारत में लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद से पड़ोसी देश चीन बौखलाया है। चीन को हमेशा इस बात की अपच रहती है कि उसके पड़ोस में रहने वाला भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कैसे है और वह एक लोकतांत्रिक देश होने की जिम्मेदारियों को बिना किसी तकलीफ के कैसे पालन करता है। हाल ही में चीन के मुख्यपत्र माने जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद भारत के खिलाफ जहर उगला है। चीन को डर है कि भारत के इस लोकसभा चुनाव में उसके पापों का खुलासा न हो जाए।

पिछले दिनों प्रकाशिक एक लेख ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, "भारत का आम चुनाव आने वाला है। सात चरण का आम चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होने वाला है और परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल की बढ़ रहे हैं। भारत में होने वाले इस चुनाव पर चीनी मीडिया काफी ध्यान दे रही है, क्योंकि भारत चीन का पड़ोसी देश है और दोनों देशों के बीच अक्सर सीमा विवाद होते रहते हैं। 2020 में चीन और भारत गलवान घाटी में हिंसक झड़प में शामिल थे, जिसके परिणामस्वरूप चार चीनी सैनिकों और कम से कम 20 भारतीय सैनिकों की मौत हो गई थी।"

ग्लोबल टाइम्स ने आगे लिखा, "चीन-भारत आर्थिक और व्यापार संबंधों में निरंतर सुधार चीनी मीडिया के लिए ध्यान का केंद्र रहा है। 2023 में चीन-भारत द्विपक्षीय व्यापार की मात्रा 136.22 बिलियन डॉलर थी, जो साल-दर-साल 1.5 प्रतिशत की वृद्धि थी, जिसमें से भारत में चीन का निर्यात 117.68 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था, जबकि भारत से चीन का आयात मात्र 18.54 बिलियन डॉलर था। भारत चीन के साथ व्यापार घाटे में निरंतर वृद्धि को लेकर बहुत चिंतित है लेकिन यह चीन और भारत के बीच व्यापार की पूरकता को दर्शाता है और विदेशी व्यापार में भारत की निरंतर वृद्धि को चीनी विनिर्माण द्वारा समर्थित करने की आवश्यकता है।"

अपने लेख में ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, "हमारा डर यह है कि भारतीय मीडिया चीन जैसे संवेदनशील विषयों का उपयोग उस पक्ष में गति पैदा करने के लिए करेगा। ऐसा उन्होंने पहले भी किया है। उम्मीदवार अधिक वोट हासिल करने के लिए चीन से संबंधित मुद्दों का भी उपयोग करेंगे। कुछ भारतीय मीडिया आउटलेट और अभिजात वर्ग भी भारत-चीन व्यापार घाटे के मुद्दे का फायदा उठा रहे हैं। वे चुनाव में वोट हासिल करने के लिए चीन विरोधी भावना का लाभ उठा रहे हैं।"

# चुनाव नहीं जीता तो खून-खराबा हो जाएगा, डोनाल्ड ट्रंप ने दी खुली धमकी; चीन पर बरसे

*ओहायो में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने यहां तक कह डाला कि अगर वह इस बार का राष्ट्रपति चुनाव नहीं जीतते हैं तो अमेरिका में खून-खराबा होगा।*

• जालंधर ब्रीज . वर्ल्ड न्यूज



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में खून खराबे की धमकी दे डाली है। ओहायो में एक जनसभा के दौरान ट्रंप ने कहा कि अगर वह इस बार नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून खराबा' शुरू हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि इस बार चुनाव की तारीख अमेरिका के इतिहास में सबसे अहम होने जा रही है। वह डायटन में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप को प्रिजम्प्टिव नॉमिनी बनाया गया है।

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की ऑटो इंडस्ट्री के बारे में बात कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने खून खराबे वाला भी बयान दे डाला। उन्होंने कहा, आप 5 नवंबर की तारीख नोट कर लीजिए। यह बहुत ही अहम तारीख होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी इतिहास में अब तक के सबसे बुरे राष्ट्रपति जो बाइडेन हैं।

**चीन पर बरसे ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीनी चाहते हैं कि वे मैक्सिको में कार बनाएं और फिर अमेरिका में बेचें। अगर मैं राष्ट्रपति चुना जाता हूं तो ऐसा नहीं होने दूंगा। और अगर मैं नहीं जीतता हूं तो पूरे देश में खून-खऱाबा शुरू हो जाएगा। बता दें कि 77 साल के डोनाल्ड ट्रंप पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बाइडेन के कार्यकाल को वह डरावना शो बता रहे हैं। वह बाइडेन प्रशासन की इमिग्रेशन पॉलिसी पर जोरदार हमला कर रहे हैं। शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप ऐसे इलाके में पहुंचे थे जहां डेमोक्रेट के ज्यादा वोटर हैं। बाइडेन ओर ट्रंप के बीच तीखी बयानबाजी का दौर चल रहा है। बाइडेन ने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप देश का अपमान करवाते हैं और देश की खराब तस्वीर पेश करते हैं। बाइडेन ने कहा कि इस बार के चुनाव अमेरिका के लोकतंत्र का भाग्य तय करने वाले हैं। उन्होंने 6 जनवरी की घटना का जिक्र कर कहा कि ट्रंप देश के लिए घातक हो सकते हैं। वहीं बता दें कि अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने ऐलान कर दिया है कि वह इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का साथ नहीं देंगे।

# पाकिस्तान ने यूएन में किया राम मंदिर का जिक्र, भारत ने धो डाला; इस्लाम पर पाठ भी पढ़ाया

*पिछले दिनों को 193 सदस्यीय महासभा ने पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' को मंजूरी दी। 115 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, किसी ने भी विरोध नहीं किया।*

• जालंधर ब्रीज . वर्ल्ड न्यूज



भारत ने कल संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के द्वारा राम मंदिर का जिक्र करने पर जमकर क्लास लगाई है। इस दौरान इस्लामोफोबिया को लेकर पाठ भी पढ़ाया है। भारत के प्रतिनिधी ने पाकिस्तान से कहा कि केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए। इस दौरान जब पाकिस्तान के दूत ने अयोध्या में स्थित राम मंदिर का जिक्र किया तो भारत ने कड़ी आपत्ति जताई।

पिछले दिनों को 193 सदस्यीय महासभा ने पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' को मंजूरी दी। 115 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, किसी ने भी विरोध नहीं किया और भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन तथा ब्रिटेन समेत 44 देश मतदान से दूर रहे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने यहूदी-विरोध, 'ईसाईफोबिया' और इस्लामोफोबिया (इस्लाम के प्रति पूर्वाग्रह) से प्रेरित सभी कृत्यों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना जरूरी है कि इस तरह का 'फोबिया' (पूर्वाग्रह) अब्राहिमी धर्मों से परे भी फैला हुआ है।

उन्होंने प्रस्ताव के बारे में भारत के रुख को लेकर स्पष्टीकरण में कहा, "स्पष्ट साक्ष्यों से पता चलता है कि दशकों से, गैर-अब्राहिमी धर्मों के अनुयायी भी धार्मिक पूर्वाग्रह से प्रभावित हुए हैं। इससे विशेष रूप से हिंदू विरोधी, बौद्ध विरोधी और सिख विरोधी धार्मिक पूर्वाग्रह के समकालीन रूपों का उदय हुआ है।"

कंबोज ने कहा, "इस्लामोफोबिया का मुद्दा निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि अन्य धर्म भी भेदभाव और हिंसा का सामना कर रहे हैं। अन्य धर्मों के सामने आने वाली समान चुनौतियों की उपेक्षा करके केवल इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए संसाधनों का आवंटन अनजाने में बहिष्कार व असमानता की भावना को कायम रख सकता है।"

# डीएनए टेस्ट करने वाली कंपनी ने इंसान को बता दिया कुत्ता, रिपोर्ट आते ही मच गया हंगामा

*इस महिला ने मेलबोर्न, फ्लोरिडा और वाशिंगटन स्थित 3 अन्य कंपनियों को अपने गाल का स्वाब सैंपल भेजा था। इनमें से 2 कंपनियां नस्ल आईडी विश्लेषण करने के लिए जरुरी डेटा देने में विफल रहीं।*

• जालंधर ब्रीज . वर्ल्ड न्यूज



पालतू जानवरों का डीएनए टेस्ट करने वाली कंपनी ने एक इंसान की पहचान कुत्ते के तौर पर की है, जिसे लेकर उसकी काफी आलोचना हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह कंपनी टोरंटो में स्थित है। इसने बताया कि जिस सैंपल का टेस्ट किया गया उसमें 40% अलास्का मालाम्यूट, 35% शार-पेई और 25% लैब्राडोर के अंश मिले। WBZ टीवी न्यूज में क्रिस्टीना हैगर नाम की एक रिपोर्ट हैं। उन्होंने अपना डीएनए सैंपल अलग-अलग पेट टेस्टिंग फैसिलिटीज को भेजा था। इनमें से एक डीएनए माई डॉग नाम की कंपनी ने हैगर की पहचान कुत्ते के तौर पर कर दी।

महिला ने मेलबोर्न, फ्लोरिडा और वाशिंगटन स्थित 3 अन्य कंपनियों को अपने गाल का स्वाब सैंपल भेजा था। इनमें से 2 कंपनियां नस्ल आईडी विश्लेषण करने के लिए जरूरी डेटा देने में विफल रहीं। उनका कहना था कि पर्याप्त डीएनए की कमी के कारण विश्वसनीय रिपोर्ट नहीं दे सकती हैं। हालांकि, एक कंपनी ने रिपोर्ट दी। ब्रॉड इंस्टीट्यूट और यूमैस चान मेडिकल स्कूल में आनुवंशिकीविद एलिनोर कार्लसन ने इसे लेकर कहा, 'मुझे व्यक्तिगत तौर पर इस बात की चिंता है कि उपभोक्ता के लिहाज से आप बहुत अनजान हैं। जब कभी आप उन कंपनियों के पास जाते हैं तो पता नहीं होता कि आपको क्या रिजल्ट मिलने वाला है। इसे लेकर कानून भी काफी हल्के हैं।'

**गलत रिपोर्ट मिलने की आई थी शिकायत :** इससे पहले न्यू हैम्पशायर शहर के एक शख्स के साथ ऐसा ही हुआ था। उन्होंने बताया, 'मेरे पास एक पालतू जानवर है। मैंने स्वाब सैंपल डीएनए माई डॉग को भेजा था। इसकी रिपोर्ट में इसे 40% बॉर्डर कोली, 32% केन कोरो और 28% बुलडॉग बताया गया।' इस तरह की शिकायत मिलने बाद ही डब्लूबीजेड न्यूज की हैगर ने जांच शुरू की। इसके लिए उन्होंने अपने कुत्ते के बजाय अपना ही सैंपल कंपनी को भेज दिया था। इस तरह कंपनी ने जो रिपोर्ट सामने रखी, उस पर हंगामा मच गया है। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर खूब कमेंट कर रहे हैं और उनका कहना है कि आखिर इस तरह की कंपनियों पर कैसे भरोसा किया जा सकता है। इस पर सरकार को ऐक्शन लेना चाहिए। यह आम लोगों के साथ धोखा है।

### भगवंत मान ने बठिंडा में 'आप' विधायकों व पदाधिकारियों के साथ की मीटिंग

# अन्य पार्टियों ने सिर्फ लूटा, हमने पिछले दो साल में अथक परिश्रम किया : भगवंत मान

**मीटिंग में आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंसिपल बुध राम, बठिंडा से आप उम्मीदवार गुरमीत खुड्डियां और अन्य आप नेता मौजूद रहें**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी(आप) पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान पूरी ताकत से चुनाव प्रचार के लिए मैदान में हैं। वह लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा के लिए पार्टी नेताओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। सीएम मान ने बठिंडा में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें अपनी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों को लेकर लोगों के पास जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि पार्टी बठिंडा लोकसभा क्षेत्र में बड़ी जीत दर्ज करेगी। बैठक में आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंसिपल बुध राम, बठिंडा से आप उम्मीदवार गुरमीत सिंह खुड्डियां, बठिंडा लोकसभा क्षेत्र के आप विधायक और पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। सभी नेताओं ने गुरमीत सिंह खुड्डियां का समर्थन किया और पार्टी को यह सीट जिताने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का भरोसा दिया।

इस बैठक को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने कहा कि अन्य पार्टियों ने केवल लूट की है और उनके सांसदों ने संसद में आम लोगों के मुद्दों को उठाने की बजाय केवल विलासितापूर्ण जीवन शैली पर ध्यान केंद्रित किया है। लेकिन पंजाब में हमारी सरकार ने पिछले दो वर्षों में अथक परिश्रम किया है। लोगों ने हमारा काम देखा है, इसलिए वे हमारे साथ हैं। उन्होंने सभी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों से अपनी सरकार के कामों के बारे में बताने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि हम ही संसद में उनका अच्छा प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

# कमिश्नरेट पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी, 100 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने 100 ग्राम हेरोइन के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि नशे के खतरे को जड़ से खत्म करने की कमिश्नरेट पुलिस की प्रतिबद्धता के तहत शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ट्रांसपोर्ट नगर के पास तैनात थी, तभी उन्होंने एक व्यक्ति को अपनी ओर आते देखा। स्वपन शर्मा ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी देख उक्त व्यक्ति ने अपनी जेब से पॉलिथीन फेंक कर भागने की कोशिश की।



पुलिस कमिश्नर ने बताया कि उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर पुलिस ने कुलदीप पुत्र बलविंदर कुमार निवासी गली नंबर 1 नजदीक अजीतपाल फैक्ट्री, गांव रेरू जालंधर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पॉलिथीन की तलाशी लेने पर पुलिस को उसमें से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। स्वपन शर्मा ने बताया कि उनके खिलाफ एफआईआर नंबर 59 दिनांक 18-03-2024, पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 8 जालंधर में 21-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# 1200 नशीले कैप्सूल के साथ औरत समेत दो गिरफ्तार



• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

सरबजीत सिंह राय एसपी-डी, कपूरथला और बबनदीप सिंह डीएसपी सुल्तानपुर लोधी के नेतृत्व में नशा विरोधी मुहिम के तहत थाना सुल्तानपुर लोधी की पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब इंस्पेक्टर हरगुरदेव सिंह एस.एच.ओ. थाना सुल्तानपुर लोधी के नेतृत्व में ए.एस.आई दविंदरपाल के साथ पुलिस पार्टी सुल्तानपुर लोधी से गांव लाटियावाल की ओर जा रही थी और जब पुलिस पार्टी पीर सहिनशाह बख्श के सामने पहुंची तो गांव लाटियावाल द्वारा एक मोना नौजवान मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया, जिसके पीछे एक महिला बैठी थी। उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन मोटरसाइकिल चालक ने तुरंत मोटरसाइकिल रोक दी और पीछे की ओर जाने लगा।

मोटरसाइकिल फिसलने से सड़क पर गिर गई और चालक ने अपनी पैंट की दाहिनी जेब में एक मोमी का वजनदार लिफाफा सड़क के किनारे घास में फेंक दिया। दोनों आरोपियों की पहचान गुरजिंदर सिंह उर्फ गोरी वासी लाटियांवाल व सुरजीत कौर सीता वासी लाटियावाल थाना सुल्तानपुर लोधी के रूप में हुई। उनके पास से बिना मारके वाले गुलाबी व काले रंग के 1200 नशीले कैप्सूल और काला बरामद हुए जिन पर एनडीपीएस के तहत थाना सुल्तानपुर लोधी में दर्ज कर के आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

# एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य दस्तावेजों में किसी एक को दिखाकर डाली जा सकती है वोट

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने बताया कि लोक सभा चुनाव 2024 के दौरान मतदाता फोटो पहचान पत्र (एपिक) के अलावा 12 अन्य दस्तावेज़ों को अपने पहचान पत्रों के रूप में इस्तेमाल कर अपनी वोट डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के पास फोटो पहचान पत्र (एपिक, जिसको मतदाता आई.डी कार्ड भी कहा जाता है) नहीं है, वह आधार कार्ड, मगनरेगा जॉब कार्ड, फोटो सहित बैंक या डाकख़ाने की पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी किया गया स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एन.पी.आर के अंतर्गत जारी किया गया स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो वाले पेंशन दस्तावेज़, केंद्र या राज्य सरकारों या सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी किए गए सेवा आई.डी. कार्ड (फोटो समेत), सांसद/विधायक/एमएलसी को जारी किए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा जारी विशिष्ट विकलांगता आईडी (यूडीआईडी) का इस्तेमाल कर वोट डाल सकते हैं।

# कैंथ ने जहरीली नकली शराब से हुई दर्दनाक त्रासदी के पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**कहा- जहरीली नकली शराब से हर साल हो रही मौतों, गरीब वर्ग के परिवारों की भयानक तबाही**

• **जालंधर ब्रीज.** संगरूर

पंजाब में हर साल जहरीली नकली शराब से होने वाली मौतों से गरीब वर्ग के परिवारों की भयानक तबाही ने राजनीति के लगातार संरक्षण के कारण पुलिस और सिविल प्रशासन को लाचार और वेबस बना दिया है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा पंजाब के प्रांतीय उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने गुज्जर और ढंडोली खुर्द में हुई दर्दनाक त्रासदी में पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पंजाब सरकार की कमजोर पकड़ नीति का नतीजा है। उन्होंने गांव में एकत्रित निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के पैतृक जिले में इतनी भयानक त्रासदी झेलने वाले गरीब अनुसूचित जाति परिवारों का सहयोग करना उचित नहीं समझा। भारतीय जनता पार्टी इस शर्मनाक व्यवहार की निंदा करती है।



श्री कैंथ ने कहा कि वित्त एवं उत्पाद शुल्क एवं कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा दिडबा विधानसभा में हुई घटनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दलित नेता परमजीत सिंह कैंथ ने कहा कि हरपाल सिंह चीमा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उनकी मांग है कि अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 89 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ किसान नेता श्री रणजीत सिंह सरा, रण सिंह महिला, अमृतपाल सिंह चंदर, बसंत कुमार कागारन, परमिंदर सिंह बस्सी और गुरप्रीत सिंह गुरी मौजूद थे।

# अगले पांच दिनों में बाकी उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे : भगवंत मान

**लुधियाना, गुरदासपुर, आनंदपुर साहिब, फिरोजपुर और होशियारपुर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा बाकी**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) के पंजाब अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक्स अकाउंट के जरिए जानकारी दी कि पार्टी अगले पांच दिनों में बाकी पांच लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। आप पहले ही पंजाब की 8 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी अमृतसर से कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से सुशील कुमार रिंकू, फतेहगढ़ साहिब से गुरप्रीत सिंह जीपी, फरीदकोट से करमजीत अनमोल, बठिंडा से गुरुमीत सिंह खुड्डियां, संगरूर से गुरुमीत सिंह मीत हेयर और पटियाला से डॉ. बलबीर को मैदान में उतारा है। शेष पांच सीटों लुधियाना, गुरदासपुर, आनंदपुर साहिब, फिरोजपुर और होशियारपुर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा अगले पांच दिनों में की जाएगी। मार्च की शुरुआत में ही पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 'संसद च वी भगवंत मान, खुशहाल पंजाब ते वधेगी शान' नाम से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है।



# लोकसभा चुनाव-2024 : पंजाब में 100 से 119 साल की उम्र के 5004 वोटर

**205 वोटरों की उम्र 120 साल से ज़्यादा , 85 साल से ज़्यादा की उम्र वाले सभी वोटर अपने घर से ही वोट डाल सकते हैं : सिबिन सी**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब में 100 से 119 साल की उम्र तक के 5004 वोटर हैं, जबकि 205 वोटरों की उम्र 120 साल से ज़्यादा है। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 85 साल से ज़्यादा की उम्र वाले सभी वोटर अपने घर से ही वोट डाल सकते हैं, और इस मकसद के लिए पहले ही सभी ज़िला निर्वाचन अधिकारियों-कम-डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

सिबिन सी ने बताया कि 1 मार्च 2024 तक 100 से 109 साल की उम्र वाले 1917 पुरूष और 2928 औरतें वोटर हैं। इसी तरह 110 से 119 साल तक के 59 पुरूष और 100 औरतें वोटर हैं। इस तरह 100 से 119 साल की उम्र तक के कुल वोटरों की संख्या 5004 बनती है। इसी तरह 120 साल से अधिक उम्र वाले 205 वोटरों में से 122 पुरूष और 83 औरतें वोटर हैं। 120 साल से अधिक उम्र वाले सबसे ज़्यादा 77 पुरूष और 34 औरतें लुधियाना ज़िले में और इसके बाद 24 पुरूष और 25 औरतें फ़िरोज़पुर ज़िले में हैं।

पहली बार वोट डालने वाले वोटरों संबंधी जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 मार्च, 2024 तक राज्य में कुल 4 लाख 89 हज़ार 631 वोटर 18-19 साल उम्र वर्ग के हैं। इनमें 16 ट्रांसजैंडर वोटर भी शामिल हैं। जबकि 2 लाख 93 हज़ार 100 वोटर लडक़े और 1 लाख 96 हज़ार 515 वोटर लड़कियाँ हैं।

ज़िक्रयोग्य है कि पंजाब में कुल 2 करोड़ 12 लाख 71 हज़ार 246 वोटर हैं। इनमें 1 करोड़ 11 लाख 92 हज़ार 959 पुरूष वोटर हैं, जबकि 1 करोड़ 77 हज़ार 543 औरतें वोटर हैं। सिबिन सी ने पंजाब के समूह वोटरों से अपील की है कि वह वोट के अधिकार का बढ़-चढक़र प्रयोग करें और 'इस वार 70 पार' के नारे को अमली जामा पहनाएं।

# महिला काव्य मंच द्वारा करवाया राज्य स्तरीय वार्षिक उत्सव संपन्न

**ज्योति प्रज्वलन के पश्चात डॉ. परमजीत कौर, नीरू ग्रोवर पर्ल द्वारा किया गया सरस्वती वंदना और मकाम का ध्येयगीत का गायन**

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

महिला काव्य मंच कपूरथला इकाई द्वारा महिला काव्य मंच अंतरराष्ट्रीय संस्था का पंजाब प्रदेश के राज्य स्तरीय वार्षिक उत्सव सिरजना केंद्र कपूरथला के सभागार में 17-03-2024 को डॉ. नरेश नाज़ (संस्थापक मकाम)के सान्निध्य और श्रीमति नियति गुप्ता (अध्यक्ष मकाम ट्रस्ट ) की अध्यक्षता में, मकाम पंजाब यूनिट के संरक्षक प्रि. प्रोमिला अरोड़ा, पंजाब अध्यक्ष डॉ. ईरादीप त्रेहन, उपाध्यक्ष पंजाब प्रो. सीमा जैन के संयोजन में सुबह 10.30 बजे आरंभ हुआ। इस समारोह में पंजाब की लगभग 11 इकाइयों ने भाग लिया था। समारोह की मुख्यातिथि मोनिका ठाकुर ( विदेश उपाध्यक्ष मकाम), अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. वीणा विज (राष्ट्रीय महासचिव शिक्षा मंच), विशिष्ट अतिथि कंवर इकबाल( प्रधान सिरजना केंद्र), शहबाज़ खान (सचिव सिरजना केंद्र), जसप्रीत कौर (ज़िला भाषा अफसर) ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का आयोजन कपूरथला इकाई की अध्यक्ष मुनज्जा इरशाद, सीनियर उपाध्यक्ष नीरू ग्रोवर पर्ल, उपाध्यक्ष डॉ. नीलू शर्मा, महासचिव राधा शर्मा, सचिव प्रो. सपना सैनी तथा कपूरथला इकाई के सदस्यों द्वारा किया गया।



ज्योति प्रज्वलन के पश्चात सरस्वती वंदना और मकाम का ध्येयगीत का गायन डॉ. परमजीत कौर, नीरू ग्रोवर पर्ल द्वारा किया गया। डॉ. इरादीप (अध्यक्ष मकाम पंजाब) ने गोष्ठी में सबका अभिनंदन किया। डॉ. नरेश नाज़ ने सभी अतिथियों का पौधों से अभिनंदन किया। राधा शर्मा, डॉ. नीलू शर्मा, शर्मिला नाकरा द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में होशियारपुर इकाई की अंजू व रत्ती (अध्यक्ष), सरिता तेजी (उपाध्यक्ष), बलजीत कौर सैनी (सचिव), लुधियाना इकाई की सीमा भाटिया (अध्यक्ष) छाया शर्मा (उपाध्यक्ष), मोनिका कटारिया (महासचिव), पूनम सपरा (सचिव), शांति जैन (सदस्य) ,गुरलीन(सदस्य), अमृतसर इकाई की डॉ. शैली जग्गी (अध्यक्ष), प्रो नीलम प्रभा देवगण (महा सचिव), प्रो धीरिका शर्मा (संयुक्त सचिव), फ़तेहगढ़ साहिब इकाई की बवनीत कौर (सदस्य), जालन्धर इकाई की डॉ ज्योति गोगिया (अध्यक्ष), शर्मिला नाकरा (उपसचिव), प्रो सतिन्दर कौर (सदस्य), राजपिन्दर कौर (सदस्य), डॉ. तनुजा तनु (सदस्य), डॉ ज्योति खन्ना (सदस्य), पटियाला इकाई की जागृति गौड़ - (अध्यक्ष), इंदरपाल कौर (सदस्य), हरदीप जस्सोवाल (सदस्य), प्रि. सुनीता कुमारी (सदस्य),फाजिल्का इकाई की श्रीमति नीतू अरोड़ा (अध्यक्ष) हरमीत कौर (मैंबर), पलक (सदस्य), संगरूर इकाई की परमजीत कौर (सचिव), संदीप कौर बादशाहपुरी (संयुक्त सचिव), बरनाला इकाई की सतवंत कौर सत्ती ( सदस्य ), कपूरथला इकाई के सदस्यों ने निशा सेठी, डॉ. नीलम झुल्का, प्रो. सरला भारद्वाज, डॉ. नीलम सेठी, विभा कुमरिया शर्मा, कुलदीप मक्कड़, डॉ. सुधामणि सूद 'चाँद' ने अपने - अपने मनोभावों को कविता में पिरोकर सुनाया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अंत में कपूरथला इकाई की मार्गदर्शक प्रि. प्रोमिला अरोड़ा ने तथा अध्यक्ष मुनज्जा ने सभी कवियित्रों का गोष्ठी में शामिल हो कर इसे सफल बनाने का धन्यवाद करते हुए सबकी सुंदर कविताओं के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सबका हार्दिक आभार प्रकट करते हुए गोष्ठी सफलतापूर्वक खुशनुमा माहौल में संपन्न हुई।

# आईपीएल से पहले धोनी ने छोड़ी कप्तानी ऋतुराज होंगे सीएसके के नए कप्तान

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने फैंस को हैरान कर दिया है। फ्रेंचाइजी ने अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। एमएस धोनी अब सीएसके के कप्तान नहीं होंगे बल्कि उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ टीम का नेतृत्व करेंगे। बता दें कि एमएस धोनी ने कैप्टेंसी छोड़ दी है। धोनी ने पिछले सीजन चेन्नई को पांचवीं बार आईपीएल खिताब दिलाया था। धोनी ने सीएसके को पांच बार आईपीएल तो जिताया ही इसके साथ उन्होंने टीम को पांच बार फाइनल में भी जगह दिलाई। माही एकलौते कप्तान हैं जो 10 आईपीएल फाइनल खेले हैं, उनकी कप्तानी में चेन्नई 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में चैंपियन बनी है। जबकि 2008, 2012, 2013, 2015 और 2019 में उन्होंने टीम को फाइनल में पहुंचाया है।



वहीं नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की बात करें तो, आईपीएल शुरू होने से पहले कप्तानों का फोटोशूट होता है। इस शूट में धोनी की जगह गायकवाड़ पहुंचे। ऋतुराज गायकवाड़ ने अभी चेन्नई के लिए महज 3 ही सीजन खेले हैं। उन्होंने 2020 में डेब्यू किया था और पहले सीजन में वो सिर्फ 6 ही मैच खेल पाए थे। लेकिन 2021 में उन्हें पूरा मौका मिला और उन्होंने उसका भरपूर फायदा उठाया। गायकवाड़ ने एक शतक और 4 अर्धशतक के दम पर 635 रन बनाए। 2022 में उन्होंने 368 रन बनाए लेकिन पिछले सीजन में उन्होंने 16 मैचों में 590 रन बनाकर टीम को चैंपियन बनाया। अबतक उन्होंने आईपीएल में कुल 52 मैच खेले हैं और 39 से ज्यादा की औसत से 1797 रन ठोके हैं।

# टीबी की बिमारी से निजात के लिए संपूर्ण इलाज जरूरी : सिविल सर्जन डॉ. जगदीप चावला

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

स्वास्थ्य विभाग जालंधर ने गुरुवार को विश्व टीबी दिवस को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली। सिविल सर्जन डॉ. जगदीप चावला ने रैली को सिविल सर्जन कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शहीद बाबू लाभ सिंह मेमोरियल नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला टीबी अधिकारी डॉ. रितु दादरा की देखरेख में निकाली गई इस रैली को हरी झंडी देते समय जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राकेश चोपड़ा, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. मनदीप कौर, जिला सामुदायिक समन्वयक डॉ. ज्योति बाला, जिला बीसीसी समन्वयक नीरज शर्मा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा टीबी की रोकथाम एवं बचाव पर जागरूकता संदेश और टीबी चैंपियंस द्वारा बनाए गए जागरूकता पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए।




सिविल सर्जन डॉ. जगदीप चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि टीबी की बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। टीबी का अधूरा इलाज मरीजों के साथ-साथ स्वस्थ लोगों के लिए भी खतरनाक हो जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी से निजात पाने के लिए संपूर्ण इलाज करवाना जरूरी है, अगर किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी, शाम को हल्का बुखार, लगातार वजन कम होना, थकान और भूख न लगने की शिकायत हो तो उसे तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में जाकर जांच करानी चाहिए।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.